पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

भारतीय हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई एकता समिति द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह सम्पन्न

समाज को साथ रखना ही धर्म है - राज्यपाल

लखनऊः 10 मार्च, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज स्थानीय रवीन्द्रालय प्रेक्षागृह में भारतीय हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई एकता समिति द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले महानुभावों का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने पूर्व पुलिस महानिदेशक श्री श्रीराम अरूण, पूर्व पुलिस महानिदेशक श्री रिजवान अहमद, शायर श्री रमन अग्रवाल, हाजी दिलदार हुसैन रहमानी, श्री खलील खां, श्री सत्यमोहन पाण्डेय, बेगम शाहिदा खां, श्रीमती रशिदा खातून व श्री राज़ लखनवी को सम्मानित किया।

राज्यपाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि होली पर अमंगल हो जलाते हैं और मंगल की कामना करते हैं। ऐसे आयोजन हमें समाज में एक साथ रहने का संदेश देते हैं जो वास्तव में सच्चा धर्म है। इसका पालन करना हम सबका कर्तव्य है। लोकसभा में एक संस्कृत श्लोक लिखा है जिसका मतलब है कि धर्म वहीं है जो न्यायसंगत हो। उन्होंने कहा कि जो समाज को साथ रखें वहीं धर्म है।

श्री नाईक ने कहा कि भारत देश में अलग-अलग बोली और वेशभूषा है, इसके बावजूद भारतीय होना हमारी विशेषता है। इस अवसर पर उन्होंने दो पंक्तियाँ पढ़ते हुए कहा कि

अलग भाषा अलग भेष,
फिर भी एक अपना देश।।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि संगीत की कोई भाषा नहीं होती बल्कि सभी वाद्ययंत्रों की आवाज एक होती है।

कार्यक्रम में श्रीमती शाहिदा खां ने मनकबत व भजन प्रस्तुत किये तथा भारतीय हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई एकता समिति के संयोजक श्री इद्रीस निजामी ने अपना लिखा व स्वरबद्ध किया हुआ तराना 'इण्डिया मेरी जान' पेश किया।

QAUMI EKTA HINDU - MUSLIM - SIKH
HOLI MILAN QAUMI EKTA AWARD
QAUMI EKTA PROGRAMME DEDICATED TO THE

HOLI MILAN - QAUMI EKTA INDIA MERI JAAN
QAUMI EKTA HINDU - MUSLIM - SIKH - ESAI EKTA SANGEET SANGAM
HOLI MILAN QAUMI EKTA AWARD 2015
होली मिलन कौमी एकता आवार्ड 2015
Chief Guest
HON'BLE SHRI RAM NAIK

Chief Guest
HON'BLE SHRI RAM NAIK
ONGC

H.E. GOVERNOR OF UTTAR PRADESH
IDRIS NIZAMI
QAUMI EKTA
Chief Guest